# विषय सूची

## भाग क : सिद्धांत और आचार नीति


| क्र.सं. | मानक | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | सटीकता और औचित्य | 1 |
| 2. | विज्ञापन | 3 |
| 3. | ज्योतिष संबंधी भविष्य वाणी | 9 |
| 4. | जाति, धर्म या समुदाय का उल्लेख | 9 |
| 5. | मानहानिकारक लेखों के प्रति सावधानी | 11 |
| 6. | क) न्यायिक क्रियाओं की आलोचना में सावधानी | 16 |
| | ख) अदालत की कार्यवाही से संबंधित समाचार छापना | 17 |
| 7. | भरोसे का सम्मान किया जाए | 18 |
| 8. | अटकलबाजी, टीका तथा तथ्य | 19 |
| 9. | भूल सुधार | 19 |
| 10. | सांप्रदायिक विवादों/संघर्षो के समाचार | 20 |
| 11. | सार्वजनिक व्यक्तियों की आलोचना/संगीत समीक्षाएँ | 22 |
| 12. | संपादक का विवेक | 22 |
| 13. | विदेश-संबंध | 24 |
| 14. | कपटपूर्ण गतिविधियाँ | 24 |
| 15. | लिंग आधारित समाचार | 24 |
| 16. | सामाजिक कुरीतियों को महिमान्वित/प्रोत्साहित न किया जाए | 24 |
| 17. | सुर्खियां | 25 |
| 18. | एचआईवी/एड्स और मीडिया-कर्तव्य और निषेध | 25 |
| 19. | अवैध पुनः प्रस्तुति | 28 |

20. आंतरिक विवाद

क) प्रबंधन-संपादक संबंध 28

ख) प्रबंधन बनाम पत्रकार : कार्यात्मक संबंध 31

21. खोजी पत्रकारिता, उसके मानक तथा पैरामीटर 31

22. संपादक के नाम पत्र 34

23. समाचारपत्र राजनयिक उन्मुक्ति के दुरुपयोग का उद्भासन कर सकते हैं 35

24. समाचारपत्र फूहड़ वाणिज्यीकरण से बचें 35

25. समाचारपत्र संकेतात्मक दोषिता से बचें 36

26. अयाचित सामग्री को वापस न करना 36

27. फोटो पत्रकारिता के लिए मानक 37

28. अश्लीलता तथा अशिष्टता से बचा जाए 40

29. पेड समाचार 42

30. प्रेस के अधिकार के तहत किसी पेशे पर टिप्पणी करने के मापदंड 44

31. सरकारी कर्मचारियों के कृत्यों तथा आचरण पर टिप्पणी करने के लिए प्रेस के अधिकार के पैरामीटर 44

32. राष्ट्रीय हित सर्वोपरि 45

33. साहित्यिक चोरी 46

34. प्रकाशन-पूर्व सत्यापन 47

35. सार्वजनिक व्यक्तियों की एकांतता 49

36. व्यावसायिक कदाचार 50

| | | |
|---|---|---|
| छ) | एकांतता का अधिकार-सार्वजनिक व्यक्ति और प्रेस-1998 | 95 |
| ज) | उत्प्रवास अधिनियम 1983 के अनुसार विदेशी विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए आदर्श मार्गदर्शी सिद्धांत | 97 |
| झ) | बाल अधिकार सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश | 99 |
| ञ) | आदर्श प्रत्यायन/विज्ञापन नियमावली-2014 | 101 |
| ट) | आदर्श विज्ञापन नीति संबंधी दिशानिर्देश-2014 | 112 |
| ठ) | आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी के विज्ञापन | 116 |
| ड) | पेड समाचारों की पहचान करने के लिए निर्धारित सिद्धांत | 117 |
| ढ) | कोविड-19 की रिपोर्टिंग और पत्रकारों के सुरक्षा उपायों पर दिशानिर्देश | 118 |
| ण) | मेडिकल रिपोर्टिंग के लिए मानक | 120 |
| त) | लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा-23 का उपबंध | 121 |

**भाग ग : प्रेस से सबंधित कानून** 123

**भाग घ : प्रेस परिषद के अधिकार, व्यवहार कर्म तथा प्रक्रियाएँ** 128

**भाग ड. : पत्रकारिता में उत्तम आचरण** 133

# प्रस्तावना

लोकतंत्र में स्वतंत्र प्रेस कोई विकल्प नहीं है; यह अपरिहार्य शर्त है। यह लोगों का स्वर है और सूचना प्रदान करने हेतु विशेष वाहक है जो सामूहिक राय बनाने में लोगों की मदद करता है।

आज, प्रेस ने अपने तकनीकी विशेषाधिकारों के साथ समाज और शासन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया है। मीडिया जिन विकृतियों से ग्रस्त है, के साथ ही, समय के साथ-साथ, गति विधान में काफी बदलाव हुए हैं। इन दिनों मीडिया वृतिक के रूप में काम करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। किसी घटना के तथ्यों की, समय पर रिपोर्ट करने के लिए पत्रकार अत्यधिक दबाव में काम कर रहे हैं और किसी वारदात की सबसे पहले रिपोर्ट करने की होड़ अक्सर प्रेस और मीडिया की अखंडता को प्रभावित करती है। मीडिया में लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए मीडिया की विश्वसनीयता आवश्यक है; इसलिए, प्रेस को अपने पेशे में नैतिक पत्रकारिता के मार्ग पर चलने की जरूरत है।

भारतीय प्रेस परिषद, शुरुआत से ही, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारतीय प्रेस के उच्च मानक उन्मुक्त रहें, प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। अपने अधिदेश की प्राप्ति की प्रक्रिया में, परिषद प्रेस का मार्गदर्शन करने और पत्रकारिता के पेशे में लगे सभी लोगों में जिम्मेदारी और सार्वजनिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए अपने न्यायनिर्णयों, घोषणाओं और परामर्शिकाओं के आधार पर समय-समय पर आचारनीति संहिता विकसित करती है। पत्रकारिता के आचरण के मानक, 2022 के इस अद्‌यतन और संशोधित संस्करण में कई संवेदनशील विषयों/मुद्‌दों को शामिल किया गया है, जो यौन कर्मियों, बाल परित्याग, आत्महत्या आदि जैसे मुद्‌दों की रिपोर्टिंग के लिए मीडिया का मार्गदर्शन अत्यंत संवेदनशीलता के साथ करते हैं।

v) जब कभी कोई समाचार किसी एफआईआर के आधार पर प्रकाशित किया जाए और जो किसी व्यक्ति या निकाय की प्रतिष्ठा के लिये महत्वपूर्ण हो, तब समाचारपत्र/पत्रिकाओं को उसी समाचार में स्पष्ट उल्लेख कर देना चाहिए कि यह समाचार एफआईआर पर ही आधारित है और एफआईआर में दिये गये कथन की सत्यता पर न्यायालय को निर्णय लेना होता है। समाचारपत्र को पीड़ित व्यक्ति का बयान भी प्रकाशित करना चाहिए।

vi) समाचारपत्र को नेता के बयानों को गलत अर्थ में या गलत नहीं देना चाहिए। संपादकीय में उद्धृत बयानों को सत्य भावना में दर्शाना चाहिए जिसे उनके द्वारा व्यक्त करने का प्रयास किया जा रहा था।

vii) लेखों जिनमें समसामयिक घटनाओं के आधार पर इतिहास का विश्लेषण या व्याख्या की गई हो उन्हें अनीतिकर नहीं कहा जा सकता है।

viii) जब कोई समाचारपत्र किसी व्यक्ति की कहानी प्रकाशित कर रहा हो और उससे संबंधित मामलों पर समाचार श्रंखलाबद्ध प्रकाशित किए जा रहे हो, तो उसके दोषमुक्त होने का समाचार भी पिछले समाचारों की भांति ही प्रमुखता से प्रकाशित करना चाहिए।

ix) समाचारपत्र ऐसे किसी अध्ययन के आधार पर जिसका कोई मान्य आधार ना हो, प्रकाशित सनसनीखेज़ समाचार शीर्षकों से होने वाले हानिकारक प्रभावों के लिये उत्तरदायी होता है।

x) अफवाह कुछ क्षेत्र तक ही सीमित रहती है किंतु समाचार लाखों लोगों तक पहुंचता है और इस कारण समाज के प्रति प्रेस की बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी हो जाती है।

ii) ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नही किया जाएगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सिगरेट, तंबाकू उत्पादों, शराब, मदिरा, अल्कोहल तथा अन्य मादक द्रव्यों के उत्पादन, बिक्री या सेवन को प्रोत्साहित करे।

iii) समाचारपत्र ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा जिसमें समाज के किसी वर्ग या समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की अथवा समग्र रूप से अहित करने की प्रवृत्ति हो।

iv) जो विज्ञापन औषधि और चमत्कारित उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के उपबंधों का उल्लंघन करते हों, उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाए।

v) समाचारपत्र ऐसे किसी भी विज्ञापन को प्रकाशित न करें, जिसमें ऐसा कुछ हो, जो अवैध या गैरकानूनी हो या सुरुचि अथवा पत्रकारिता की आचारनीति अथवा औचित्य के विरुद्ध हो।

vi) पत्रकारिता की मर्यादा की यह मांग है कि विज्ञापन समाचारपत्र में प्रकाशित संपादकीय सामग्री से स्पष्ट अलग दिखाई दें। विज्ञापन प्रकाशित करते समय समाचारपत्र उनके लिए वसूल की गई राशि को निर्धारित करेंगे। इसके पीछे तर्क यह है कि विज्ञापनों के लिये राशि उसी दर से ली जाए जिससे सामन्यत: समाचार पत्र द्वारा ली जाती है क्योंकि सामान्य दर से अधिक भुगतान समाचारपत्र को सहायता माना जाएगा।

vii) डमी तथा उठाए गए विज्ञापनों का प्रकाशन जिनके लिए न तो भुगतान किया गया हो और न ही विज्ञापकों द्वारा प्राधिकृत किया गया हो, पत्रकारिता की आचार नीति का उल्लंघन है, विशेषत: जब समाचारपत्र उन विज्ञापनों के लिए बिल भेजे।

xxiii) इच्छुक परोपकारी दाता से किडनी मांगने के संबंध में प्रकाशन न किया जाए।*

xxiv) पत्रकार/संपादक, विज्ञापनकर्ता या उस व्यक्ति की पहचान का खुलासा करें जिनके आग्रह पर विज्ञापन प्रकाशित किया गया है।

xxv) समाचारपत्र, भारत के माननीय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नामों और तस्वीरों का उपयोग करके, समाचार की तरह कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करें।

xxvi) अखबार/अखबारों में समाचार जैसे विज्ञापन/विज्ञापनिका प्रकाशित करते समय, उन्हें बड़े अक्षरों में विज्ञापन/विज्ञापनिका शीर्षक के साथ मुद्रित किया जाए जिसका फॉन्ट साइज पृष्ठ पर आने वाले उपशीर्षकों के बराबर हो।

xxvii) नौकरियों के विज्ञापन, केवल फोन नंबरों को देते हुए, किसी भी अन्य विवरण, जैसे कि चयन किए जाने कि स्थिति में भावी उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले कार्य की प्रकृति, के बिना और नियोक्ता की पहचान के बिना प्रकाशित करना अनैतिक है और इसे प्रकाशित नहीं किया जाए क्योंकि यह "मानव तस्करी" को सरल बना सकता है जिससे कई असंदिग्ध लड़के और लड़कियां शिकार बन जाएंगे|

ऐसे विज्ञापनों को प्रकाशित करने के इच्छुक समाचारपत्रों को, ऐसे विज्ञापनों में, उनको सौंपे जाने वाले काम की प्रकृति को प्रकाशित करना चाहिए, ताकि अनैतिक कार्यों को बढ़ावा न मिले|

*"अस्वीकरण" का प्रकाशन समाचारपत्र को उसके उत्तरदायित्व से विमुक्त नहीं करेगा|

---

* डब्ल्यूपी 33801/2017 में उच्च न्यायालय, केरल का आदेश दिनांक 24.11.2017

तकनीकी गलती का बहाना बनाना अस्वीकार्य है और यह गैर जिम्मेदाराना पत्रकारिता होगी।

xi) संगत समय पर राजनीतिक परिदृश्य को दर्शाने के लिये किसी देवी/देवता का चित्र प्रकाशित करना आपात्तिजनक नहीं कहा जा सकता है।

xii) किसी पुस्तक के आधार पर प्रकाशित कोई समाचार संभवतया धार्मिक संगठनों के सदस्यों की आम धारणा के अनुकूल न हो किंतु केवल इसी एक आधार पर समाचार को गैर कानूनी और अनीतिकर नहीं कहा जा सकता है।

xiii) नीति शास्त्र का दायरा कानून से बहुत बड़ा है और किसी कार्य की नीतिपरकता का निर्णय एक सामान्य व्यक्ति के दृष्टिकोण से करने की जरूरत है। अत: समाचारपत्र ऐसी सामग्री प्रकाशित न करें जिनसे देवी/देवताओं की छवि खराब हो या समाज के एक बड़े वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुँचती हो जो उन देवी/देवताओं में भारी निष्ठा, मान्यता रखते हों।

xiv) प्रेस से आशा की जाती है कि वह अपनी शक्ति का प्रयोग सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ाने एवं उसे बनाये रखने में करेगी।

xv) सामुदायिक तानाबाना बहुत ही कोमल होता है। समाचारपत्रों और पत्रिकाओं को विभिन्न स्थानों तथा विभिन्न भाषाओं में अनेकार्थी शब्दों का प्रयोग करने के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

xvi) "दलित शब्द/अभिव्यक्ति का उपयोग किसी समुदाय को भड़काने या अपमानित करने के लिए नहीं किया जाए।

## 5. मानहानिकारक लेखों के प्रति सावधानी

समाचार के प्रकाशन से पूर्व आदेश की प्रमाणित प्रति लेना जरूरी नहीं है।

iii) न्यायालय में सुनवाई के समय की गई टिप्पणियां अक्सर सूचना पाने की कोशिश होती हैं और वह रिकॉर्ड किये गये आदेशों का भाग नहीं होता है। अत:, रिपोर्टर को सही समाचार देने के लिये इस अंतर को समझना जरूरी है।

iv) मीडिया को किसी मुकदमे विशेष से संबंधित न्यायाधीशों, वकीलों के नाम नहीं देने चाहिए।

v) न्यायालय के निर्णय की व्याख्या करने के विषय में, समाचारपत्र द्वारा उपयुक्त ढंग से कार्य करने और चुनिंदा उद्धरण न देने की अपेक्षा की जाती है, उनसे यह भी आशा की जाती है कि वे किये गये चयन की स्पष्ट रूप से पहचान बतायें।

## 7. भरोसे का सम्मान किया जाए :

यदि जानकारी किसी गोपनीय स्त्रोत से प्राप्त हो तो भरोसे का सम्मान किया जाए। प्रेस परिषद द्वारा उस पत्रकार को वह स्त्रोत बताने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता; किन्तु यदि पत्रकार अपने विरुद्ध आरोप का खंडन करने के लिए आवश्यक समझे और परिषद के सामने कार्यवाही में स्त्रोत के बारे में स्वेच्छा से बता दे तो इसे पत्रकारिता की आचार नीति का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। गुप्त रूप से बताई गई बातों को समाचारपत्र द्वारा प्रकाशित न करने का यह नियम निम्नलिखित स्थितियों में लागू नहीं होता:

न करे। समाचारपत्र में प्रकाशित संपादकीय टिप्पणी सौम्य एवं शिष्ट भाषा में होनी चाहिए।

ii) रिपोर्टों/लेखों/पत्रों के रूप में प्रकाशन के लिए सामग्री का चुनाव संपादक के विवेकाधिकार में है, अतः यह देखना उसका कर्तव्य है कि जनहित के किसी विवादास्पद मुद्दे पर सभी विचारों को बराबर प्रमुखता दी जाए ताकि जनता उस मामले में अपनी स्वतंत्र राय बना सके।

iii) संपादक को चाहिए कि वह समाचार रिपोर्ट/लेख प्रकाशित न करे जिसकी सच्चाई के बारे में उसे शंका हो। यदि समाचार रिपोर्ट/लेख के किसी अंश की सच्चाई संदेहास्पद हो तो वह अंश निकाल कर शेष प्रकाशित कर दिया जाए बशर्ते कि संपादक संतुष्ट हो कि शेष अंश काफी सही है और उसके प्रकाशन से जनता को लाभ होगा।

iv) संपादक को यह निर्णय लेने का विशेषाधिकार होता है कि समाचार पत्र में किन समाचारों को प्रमुखता प्रदान की जाए।

v) 'समाचार रिपोर्ट' और 'ओपिनियन लेख' के बीच स्पष्ट अंतर को ध्यान में रखते हुए, संपादक को लेख का संपादन करने की छूट होती है किंतु यह छूट इतनी नहीं हो सकती कि लेखक से अनुमति लिये बिना ही लेख के महत्वपूर्ण भाग को ही काट दिया जाए या उसका भाव बदल दिया जाए जिससे लेख प्रकाशित करने का भाव, प्रयोजन व अर्थ ही विकृत हो जाए।

vi) शीर्षकों का निर्धारण पाठकों पर पड़ने वाले तत्कालिक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक करना चाहिए।

vii) अखबार/अखबारों में छपे सभी तथ्यों के लिए संपादक जिम्मेदार है।

(viii) नौकरी/रोजगार संबंधी विज्ञापन को अपर्याप्त विवरण के साथ प्रकाशित करते समय संपादकों को समाज के प्रति अपने

कर्तव्य को ध्यान में रखना चाहिए क्योंकि इससे मानव तस्करी सरलतापूर्वक की जा सकती है और इसे समुचित जांच के बाद ही प्रकाशित किया जाए |

ix) संपादकीय, संपादकों के दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति है जोकि भारत के संविधान के तहत प्रत्याभूत है और इसकी पवित्रता इससे सहमत अथवा असहमत किसी व्यक्ति पर निर्भर नहीं है ।

## 13. विदेश संबंध

जनमत तैयार करने और देशों के बीच बेहतर सद्भाव विकसित करने में मीडिया बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । अत: वस्तुनिष्ठ रिपोर्टिंग अपेक्षित है जिससे मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के लिए कोई खतरा पैदा न हो ।

## 14. कपटपूर्ण गतिविधियाँ

ग्राहकों से चंदा लेने के बाद प्रकाशन को बंद कर के जनता को धोखा देना पत्र/पत्रिका के प्रबंधन की ओर से अनैतिक व्यवहार है । यदि बंद करना अपरिहार्य हो तो चंदे की शेष राशि ग्राहकों को लौटा दी जाए ।

## 15. लिंग आधारित समाचार

प्रेस को सदियों पुराने लैंगिक पूर्वाग्रहों और यहां तक कि एकतरफा विवरण को हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए क्योंकि समाचार से सामाजिक संतुलन और विकास को मंद करने के इस तरह के पूर्वाग्रह को जारी रखा जा सकता था।

## 16. सामाजिक कुरीतियों को महिमान्वित/प्रोत्साहित न किया जाए

समाचारपत्र अपने स्तंभो का दुरुपयोग ऐसे लेखों के लिए नहीं होने देंगे जिनमें सती प्रथा अथवा आडंबरपूर्ण आयोजनों जैसी सामाजिक कुरीतियों को प्रोत्साहित या महिमान्वित करने की प्रवृत्ति हो ।

## 17. सुर्खियां:

i) समान्यत: और विशेष रूप से संप्रदायिक विवादों अथवा संघर्षों के मामले में

  क. उत्तेजक तथा सनसनीखेज शीर्षक न दिए जाएं,

  ख. शीर्षक उनके नीचे मुद्रित सामग्री को प्रतिबिंबित करें और उसके लिए युक्तिसंगत हों।

  ग. यदि शीर्षक में किसी के द्वारा अपने वक्तव्य में लगाए गए आरोप शामिल हों तो आरोप लगाने वाले व्यक्ति या स्रोत का उल्लेख किया जाए या कम से कम उद्धरण चिन्ह लगा दिए जाएं।

ii) किसी लेख/समाचार के शीर्षक या समाचार में किसी व्यक्ति के कार्य विशेष की झलक मिलती है। समाचारपत्र को शीर्ष/शीर्ष रेखा का चयन करते समय ध्यान रखना चाहिए कि उनसे समाचार की विषय वस्तु की झलक मिले।

## 18. एचआईवी/एड्स और मीडिया- कर्तव्य और निषेध

### कर्तव्य

i) मीडिया को चाहिए कि लोगों को सूचित और शिक्षित करे, न कि भयभीत या आतंकित।

ii) वस्तुनिष्ठ, तथ्यपरक और संवेदनशील बनिए।

iii) तेजी से बढ रहे संक्रमण की बदलती हुई वास्तविकताओं से अवगत रहिए।

iv) उपयुक्त भाषा तथा शब्दावली का प्रयोग करिए जो कलंक लगाने वाली न हो।

xix) जब कभी शंका हो, स्पष्टीकरण के लिए पॉजिटिव लोगों के स्थानीय नेटवर्क या राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी या वर्तमान शब्दावाली दिशानिर्देशों से संपर्क करें।

xx) सुनिश्चित करें कि प्रश्न बहुत निजी या अभियोगात्मक न हों।

xxi) एचआईवी के साथ जी रहे लोगों को सकारात्मक रूप में दर्शाएं, उन्हें 'पीड़ितों' के रूप में नहीं बल्कि व्यक्तियों के रूप में चित्रित करें।

## निषेध

i) किस्से को सनसनीखेज़ न बनाएं।

ii) ऐसे निर्णय न लें जिन से पीएलएचआईवी पर दोष लगता हो।

iii) संक्रमण का वर्णन करने के लिए 'अनर्थ' जैसे शब्दों का प्रयोग ना करें और न ही पीएलएचआईवी का वर्णन एड्स वाहक, वेश्या, व्यसनी, एड्स का रोगी/शिकार/पीड़ित के रूप में करें।

iv) इस बात पर अनावश्यक ज़ोर न दें कि एचआईवी वाले व्यक्ति को संक्रमण कैसे हुआ।

v) एचआईवी और एड्स से संक्रमित तथा प्रभावित बच्चों की पहचान नाम या फोटो से न करें, सहमति से भी नहीं।

vi) छिपे हुए कैमरों का प्रयोग न करें।

vii) बीमार तथा मरणासन्न की भयानक रिपोर्टों और छवियों से बचें जिनसे विषाद, बेबसी तथा अलगाव की भावना व्यक्त होती हो।

viii) ग्राफिक्स के रूप में खोपड़ियों, आडी हड्डियों, साँपों या ऐसे दृश्यों का प्रयोग न करें।

ix) जाति लिंग या यौन स्थिति के संदर्भों से बचें।

x) यौन अल्पसंख्यकों के बारे में, समलिंगी,उभयलिंगी या ट्रान्सजेंडर (एलजीबीटी) सहित, घिसी-पीटी बातों को न दोहराएं।

ix) समाचारपत्र अपने लेखों के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों में अनैतिक कार्यकलापों से संबंधित घटनाओं का भंडाफोड़ कर सकते हैं। परंतु यह फोटोग्राफिक साक्ष्य अथवा समाचार के संयमित प्रस्तुतीकरण की समुचित सावधानी बरतते हुए किया जाना चाहिए।

x) समाचारपत्रों को यौन विषयक लेख प्रकाशित करते समय जन भावनाओं का समुचित ध्यान रखना चाहिए।

## 29. पेड समाचार

i) समाचारपत्रों को सप्लीमेंट/विशेष संस्करण पर, उसे अन्य रिपोर्टों से अलग दर्शाने के लिये, विशेष रूप से "मार्केटिंग पहल" लिख देना चाहिए।

ii) समाचारपत्र को नेता का बयान गलत अर्थ में या गलत प्रकाशित नहीं करना चाहिए। संपादकीय में उद्धृत बयानों को सही भावना में दर्शाया जाए जैसेकि उनके द्वारा कहने का प्रयास किया जा रहा था।

iii) जिन समाचारों में किसी राजनीतिक दल विशेष के उम्मीदवार के समर्थकों तथा जातिगत आधार पर मतदाताओं के नाम व्यापक रूप से दर्शाये - जाते हैं, इस प्रकार से समाचार प्रकाशित करना पेड समाचार माना जाता है।

iv) प्रतिस्पर्धी समाचारपत्र में समान विषय वस्तु के साथ प्रकाशित राजनीतिक समाचार पेड समाचार होने का पक्का प्रमाण माना जाता है।

v) चुनाव के दौरान दो समाचारपत्रों में समान समाचार शब्दशः प्रकाशित होना संयोग नहीं हो सकता है और उससे स्पष्ट होता है कि वह समाचार प्रतिलाभ हेतू प्रकाशित किया गया।

समाचार प्रकाशित करना जबकि उस समाचार के समर्थन में प्रथम दृष्टया कुछ भी न हो, भूलचूक वाला कार्य कहलाएगा।

vii) किसी राजनीतिक नेता पर, उचित विचार किए बिना गंभीर प्रकृति की गलत टिप्पणियां करना जिसके दूरगामी परिणाम होते हो, पर कड़ी कार्रवाई अपेक्षित होती है। प्रकाशन से पूर्व ही उस बयान के स्रोत का सत्यापन कर लेना चाहिए।

viii) दहेज प्रताड़ना के आरोपों की जांच का कार्य न्यायालय का विषय होता है और आईपीसी की धारा 498-ए के तहत बदलावों को मीडिया द्वारा अधिक संवेदनशीलता के साथ, अभियुक्त के फोटोग्राफ के बिना, प्रकाशित करना चाहिए। संपादक को ऐसे मामलों में अभियुक्त के पक्ष का भी सत्यापन कर लेना चाहिए।

ix) घूस के आरोप में निलम्बित अधिकारी का मामला सत्यापनीय है और समाचारपत्र से इसका सत्यापन करा लेने की अपेक्षा की जाती है। बाद में स्पष्टीकरण प्रकाशित करने से नुकसान को कम नहीं किया जा सकता है।

x) जो पत्रकार स्वेच्छा से समाचारों/लेखों के स्रोत का खुलासा नहीं करते हैं, वे इसकी सटीकता और प्रामाणिकता के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार और उत्तरदायी होंगे।

xi) यदि पत्रकार स्वेच्छा से समाचारों/ लेखों के स्रोत का खुलासा करते हैं, तो जिम्मेदारी और दायित्व स्रोत की प्रकृति पर निर्भर करेगा।

xii) यदि समाचार विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त हुआ है, तो पत्रकारों की जिम्मेदारी तय करने के लिए इस पर प्रासंगिक विचार किया जा सकता है।

1. आत्महत्या के बारे में समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित करना और ऐसे समाचारों को बार-बार दोहराना;
2. ऐसी भाषा का उपयोग करना जो आत्महत्या को सनसनीखेज बनाए या सामान्यीकृत करे, या इसे समस्याओं से बचने के समाधान के रूप में प्रस्तुत करे;
3. उपयोग की गई विधि का वर्णन स्पष्ट रूप से करना;
4. घटनास्थल/स्थान के बारे में विस्तृत विवरण प्रदान करना;
5. सनसनीखेज सुर्खियों का उपयोग करना;
6. फोटो, वीडियो फुटेज या सोशल मीडिया लिंक का उपयोग।

7*. प्रेस संयम रखे और किसी भी समाचार को मुद्रित करने और/या/ ऐसी कोई भी चर्चा/बहस/साक्षात्कार शुरू न करे, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

   क. आत्महत्या से मृत्यु होने पर, मृतक को कमजोर चरित्र वाले व्यक्ति के रूप में चित्रित करना या मृतक की निजता में दखल देना;

   ख. जिससे चल रही जांच/जांच-पड़ताल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े :

      (i) आरोपी/पीड़ित के चरित्र का हवाला देना और दोनों के लिए पूर्वाग्रह का माहौल बनाना;

      (ii) पीड़ित, गवाहों और/या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के साथ साक्षात्कार करना और इसे स्क्रीन पर सामने दिखाना;

      (iii) गवाहों, जिनके साक्ष्य जांच/ परीक्षण के चरण में महत्वपूर्ण हो सकते हैं, के वर्तनों का विश्लेषण करना,

---

*पीआईएल (एसटी) संख्या 92252 में माननीय बॉम्बे उच्च न्यायालय का आदेश दिनांकित 18.01.2021

(iv) एक अभियुक्त द्वारा एक पुलिस अधिकारी के कथित रूप से किए गए स्वीकारोक्ति को प्रकाशित करना और जनता को साक्ष्य अधिनियम 1872 की बारीकियों की जानकारी दिये बिना, यह विश्वास दिलाने का प्रयास करना कि यही साक्ष्य का एक टुकड़ा है जो न्यायालय के समक्ष स्वीकार्य है और न्यायालय द्वारा इस पर कार्रवाई न करने का कोई कारण नहीं है।

(v) एक आरोपी की तस्वीरें प्रिंट करना और इस तरह उसकी पहचान को सुविधाजनक बनाना;

(vi) उचित अनुसंधान के बिना आधी-अधूरी सूचनाओं के आधार पर जांच एजेंसी की आलोचना करना;

(vii) मामले के गुण-दोषों के आधार पर घोषणा करना, जिसमें किसी अभियुक्त या किसी मामले में अभी तक वांछित नहीं होने वाले व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, के लिए दोष या बेगुनाही का पूर्व-निर्धारण शामिल है;

(viii) एक अपराध स्थल को फिर से बनाना/पुनर्निर्माण करना और यह दर्शाना कि आरोपी ने अपराध कैसे किया;

(ix) जांच को पूरा करने के लिए किसी विशेष दिशा में उठाए जाने वाले कदमों सहित प्रस्तावित/भावी कार्रवाई की भविष्यवाणी करना; और

(x) जांच एजेंसी द्वारा एकत्र की गई सामग्रियों से संवेदनशील और गोपनीय जानकारी लीक करना;

जोकि आपदा के दौरान और इसके पश्चात सर्वाधिक दुर्बल वर्ग हैं, को मीडिया द्वारा सावधानीपूर्वक उठाना चाहिए।

iv) यह आवश्यक है कि मीडिया और सभी सरकारी तथा गैर सरकारी एजेंसियों के बीच पूर्ण सहयोग हो। उनके बीच सहयोग और समन्वय की सीमा आपदाओं से निपटने अथवा उन्हें रोकने की तैयारी की प्रकृति, डिग्री और पैमाना निर्धारित करती है।

**घ. बाल परित्याग पर रिपोर्टिंग***

बच्चे के परित्याग पर सभी रिपोर्टिंग में निम्नलिखित अनिवार्य रूप से शामिल होंगे:

- असुरक्षित बच्चे का परित्याग अवैध है और बच्चों के जीवन और भविष्य को खतरे में डालता है।
- एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में एक बच्चे को कानूनी रूप से और गुमनाम रूप से त्याग दिया जा सकता है।
- एक चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर भी दिया जाएगा।

**ङ. यौनकर्मियों पर रिपोर्टिंग****

मीडिया अत्यधिक सावधानी बरते कि यौनकर्मियों, चाहे वह पीड़ित हो या आरोपी हो, की गिरफ्तारी, छापेमारी और बचाव अभियानों के दौरान उनकी पहचान प्रकट न हो, और ऐसी कोई भी तस्वीर प्रकाशित या प्रसारित न करें, जिससे ऐसी पहचान प्रकाश में आ जाए। इसके अलावा, आईपीसी की नई धारा,

---

* उक्त प्रावधानों को परिषद द्वारा दिनांक 26.10.2021 की बैठक में अंगीकार किया गया।

** दांडिक अपील संख्या 135/2010 में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांकित 19.05.2022 के अनुपालन में।

iv) व्यक्तिगत शोक के क्षणों में फोटोग्राफी के माध्यम से अनधिकार प्रवेश से बचना चाहिए। हालांकि दुर्घटनाओं अथवा प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों के फोटोग्राफ व्यापक लोकहित में होगे।

v) समाचारपत्र से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे वर्गीकृत विज्ञापनों को अनदेखा करें जो प्रथम दृष्टया अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 के दमन का उल्लंघन हैं।

vi) समाचारपत्र को घटना में शामिल व्यक्तियों के असली नामों को प्रकाशित नहीं करने के प्रति पूरी सावधानी बरतनी चाहिए ताकि उनका निजी जीवन प्रभावित ना हो।

vii) समाचारपत्र में व्यक्तियों के पते प्रकाशित करना, जिसका प्रकाशित समाचार से कोई सीधा संबंध नहीं है, उनके निजता के अधिकार का उल्लंघन माना जाएगा।

viii) ड्यूटी समय के उपरांत बैरकों में विश्राम कर रहे सिपाहियों के फोटोग्राफ यह दर्शाने के लिए प्रकाशित करना कि वे अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं, न केवल उनके निजता के अधिकार का उल्लंघन है बल्कि अनीतिकर भी है।

## 43. (क) मीडिया द्वारा परीक्षण

### परिचय

मीडिया और न्यायपालिका लोकतंत्र के दो महत्वपूर्ण स्तंभ और प्राकृतिक साथी हैं, सफल लोकतंत्र के लक्ष्य की ओर एक दूसरे का पूरक है। कानून की विधिवत् प्रक्रिया के लिए जरूरी उपायों को वक्तृता की स्वतंत्रता पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। निष्पक्ष परीक्षण और वक्तृता की स्वतंत्रता के बीच संघर्ष की स्थिति में निष्पक्ष परीक्षण को अधिक महत्व देना जरूरी है क्योंकि किसी अभियुक्त के लिए निष्पक्ष परीक्षण

जोखिम या संभावित जोखिम के खतरे या प्रतिशोध की कुछ परिस्थितियों में ऐसे बच्चे के नाम में परिवर्तन कर दें या उसकी पहचान को धूमिल कर दें जिसे निम्नलिखित के रूप में पहचाना जाता हो:

(क) वर्तमान में या पूर्व में लड़ाकू बच्चा;

(ख) कोई शरण चाहने वाला, शरणार्थी या आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति।

5. कुछ मामलों में बच्चे की पहचान का उपयोग करना - उसका नाम और/ या उसकी पहचान योग्य छवि बच्चे के हित में उत्तम होती है। लेकिन जब कभी बच्चे की पहचान का उपयोग किया जाता है तो उन्हें नुकसान पहुंचने से बचाया जाना चाहिए और किसी कलंक या प्रत्याघात से बचाना चाहिए। ऐसे विशेष मामलों के कुछ उदाहरण इस प्रकार है:

i. यदि कोई बच्चा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का प्रयोग करने की इच्छा रखते हुए और इस बात के लिए कि उसकी राय को सुनने का अधिकार उसे देने हेतु किसी रिपोटर से संपर्क करता है;

ii. यदि कोई बच्चा सक्रियवादी या सामाजिक संगठन के दीर्घकालिक कार्यक्रम का हिस्सा हो और वह अपनी पहचान उस रूप में करना चाहता हो;

iii. यदि कोई बच्चा ऐसे मनो-सामाजिक कार्यक्रम में लगा हो और इस बात का दावा करता हो कि उसका नाम और पहचान उसके स्वस्थ विकास का भाग है।

6. बच्चे ने जो कुछ कहा, उसकी यथार्थता की पुष्टि अन्य बच्चों से या वयस्कों से और बेहतर होगा कि दोनों से की जाए।

7. यदि इस बात में कोई संदेह हो कि कोई बच्चा जोखिम में है तो सामान्य स्थितियों में बच्चे के संबंध में रिपोर्ट तैयार की जाए न कि किसी बच्चे विशेष के संबंध में। इस बात का कोई महत्व नहीं है कि यह कहानी समाचारयोग्य कितनी है।

## ञ) आदर्श प्रत्यायन/ विज्ञापन नियमावली, 2014

1. भारतीय प्रेस परिषद द्वारा तैयार की गई यह नियमावली केंद्रीय और राज्य सरकारों की प्रत्यायन नियमावली को तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए दिशानिर्देश के रूप में कार्य करेगी। यह आदर्श नियमावली प्रत्यायन को सुनिश्चित करने के लिए- केंद्र/ राज्य सरकार से संबंधित समाचारों को कवर करने के लिए तैयार की गई है। इसे प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्धता सहित लोकहित में निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ स्वीकृत और नवीकृत किया गया है।

## 2. परिभाषाएं:

(i) **प्रत्यायन:** प्रत्यायन से तात्पर्य है मीडिया संगठनों के संवाददाताओं/ संपादकों को दी जाने वाली मान्यता (जैसाकि उप-खंड IV में परिभाषित किया गया है) ताकि वे समाचार सामग्री, लिखित और चित्रित तक पहुंच बना सके, समाचार एकत्र करने के लिए मुख्यालयों और अन्य केंद्रों में सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों से संपर्क बना सकें, सरकार के क्रियाकलापों के कानूनों, नियमों, अधिसूचनाओं, प्रेस प्रकाशनियों, पृष्ठभूमि लेखों आदि तक पहुंच बना सके और सरकारी समारोहों, प्रेस कॉन्फ्रेंस, सांविधिक समारोहों और सरकार के अन्य क्रियाकलापों में बिना किसी रुकावट के निमंत्रण प्राप्त कर सके और प्रवेश कर सकें तथा उन्हें समाचार एकत्र करने से संबंधित यात्रा, अनुसंधान दस्तावेज

आदि के रूप में सुविधा मिल सके। समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार यह प्रत्यायन पूरे देश, राज्य, नगर, जिला या तहसील में उपलब्ध होना चाहिए।

(ii) **संवाददाता:** संवाददाता से तात्पर्य समाचारपत्र, पत्रिका, न्यूज़ एजेंसी, टेलीविजन चैनल, रेडियो संगठन या न्यूज़ पोर्टल द्वारा नियोजित श्रमजीवी पत्रकार से है ताकि वह इस नियमावली के खंड 2 (iv) में यथापरिभाषित समाचारपत्र, पत्रिका, टेलीविजन चैनल, रेडियो संगठन या समाचार पोर्टल के लिए नियमित रूप से समाचारों को एकत्र और फ़ाइल कर सकें। प्रिंट मीडिया के श्रमजीवी पत्रकार की परिभाषा में समाचारपत्र, पत्रिकाएं और समाचार एजेंसियां भी शामिल हैं और उनकी समान्यतः वही परिभाषा होगी, जो श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम में दी गई है।

(iii) **कैमरामैन:** कैमरामैन से तात्पर्य समाचार घटनाओं का चित्र या वीडियोग्राफ लेने के लिए मीडिया संगठनों द्वारा नियोजित फोटो और टेलीविज़न कैमरामैन से है।

(iv) **संपादक**: संपादक से तात्पर्य समाचारपत्र, पत्रिका, टेलीविजन चैनल, रेडियो संगठन, समाचार पोर्टल के संपादक से है, जो उस संगठन के समाचारों के चयन और संपादकीय नीति का प्रभारी होता है । इसमें एडिटर इन चीफ़, प्रबंध संपादक, कार्यपालक संपादक, स्थानीय संपादक और विषय-वस्तु प्रमुख भी शामिल हैं।

(v) **मीडिया संगठन**: मीडिया संगठन से तात्पर्य पीआरबी अधिनियम, टेलिविजन चैनलों के लिए अपलिंकिंग गाइडलाइंस और एफएम स्टेशन, प्रसार भारती अधिनियम आदि जैसी संगत कानून और नियमों के अधीन भारत सरकार/ राज्य सरकारी एजेंसियों द्वारा मान्यताप्राप्त समाचारपत्र, पत्रिका, टेलीविजन चैनल, रेडियो संगठन, न्यूज़ पोर्टल से है।

(क) **समाचार मीडिया** में समाचारपत्र, तार सेवा, बेतार सेवा, समाचार एजेंसी, समाचार फीचर एजेंसी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एजेंसी, समाचारों वाला न्यूज़ पोर्टल और सार्वजनिक समाचार की टिप्पणियां भी शामिल होंगी।

(ख) **समाचारपत्र** की वही परिभाषा होगी, जो प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम,1867 में दी गई है। दैनिक समाचार पत्र सप्ताह में कम से कम पाँच दिन प्रकाशित किया जाएगा, साप्ताहिक और पाक्षिक समाचारपत्र के वर्ष में कम से कम क्रमशः 45 या 22 अंक होंगे।

(ग) **न्यूज एजेंसी** तार और बेतार संगठन होगा, जो कई मीडिया संगठनों को, जिनमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों शामिल हैं, को हर पल या दैनिक आधार पर समाचार देगी।

(घ) **न्यूज़ फीचर एजेंसियां** ऐसी एजेंसियां होंगी, जो साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर समाचार संगठनों को वर्तमान कार्यों के आधार पर समाचार और फीचर भेजेंगी।

(ङ.) **रेडियो संगठन** से तात्पर्य ऐसे मीडिया संगठन से है जो न्यूज़ बुलेटिन का प्रसारण करता है और समसामयिक कार्यक्रम चलाता है, जिसमें आकाशवाणी भी शामिल है जो प्रसार भारती अधिनियम के अधीन कार्य करता है।

(च) **टेलीविजन चैनल** का वही अर्थ होगा, जैसाकि सूचना और प्रसारण मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अधीन समाचार और समसामयिक चैनलों की अनुमति दी जाती है।

(छ) **टेलीविजन और रेडियो न्यूज़ एजेंसी** मीडिया संगठन होंगे, जो टेलीविजन चैनलों और रेडियो स्टेशनों को न्यूज़ क्लिप देंगे।

(ज) **विदेशी समाचारपत्र और विदेशी समाचार एजेंसियां** मीडिया संगठन होंगे, जो क्रमशः खंड 2(ख) और 2(ग) में निर्धारित मापदंडों को व्यापक रूप से पूरा करते हैं।

(झ) **विदेशी टेलीविजन चैनल** ऐसे मीडिया संगठन होंगे, जो सूचना और प्रसारण मंत्रालय के समाचार और समसामयिक चैनलों के लिए दिशानिर्देशों में निर्धारित मापदंडों को व्यापक रूप से पूरा करते हैं।

(ञ) **समाचार पोर्टल** समाचार वेबसाइट है, जो लगातार समाचार कवरेज और समसामयिक फीचरों को उपलब्ध कराती हैं।

(vi) **प्रत्यायन कार्ड**: पीआईबी या राज्य सूचना विभाग ऐसे सभी संवाददाताओं और संपादकों को फोटो पहचानपत्र जारी करेंगे, जिन्हें समिति द्वारा प्रत्यायन दिया गया है और जब कभी आवश्यक हो, इस कार्ड को केंद्रीय और राज्य सरकारों के सभी परिसरों में प्रवेश के लिए प्राधिकृत किया जाएगा जिससे उन्हें आगंतुक पास प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

(vii) **समिति**: प्रत्यायन पर विचार करने और मंजूर करने के लिए तथा प्रत्यायित संवाददाताओं और समाचार संगठनों द्वारा समाचार एकत्र करने की सुविधा के लिए कार्रवाई करने की सिफारिश करने के लिए सरकार द्वारा गठित समिति राज्य सरकारें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार जिला या तहसील (मंडल) स्तरीय

प्रत्यायन समिति गठित करेंगी।

3. प्रेस प्रत्यायन समिति एक स्थाई संगठन होगा, जिसकी सदस्यता प्रत्येक दो वर्ष में बदली जाएगी। समिति के कार्यो में कोई विराम नहीं होगा और सरकार की यह जिम्मेदारी होगी कि वह यह सुनिश्चित करें कि नए सदस्यों का नामांकन पिछली समिति के कार्यकाल की समाप्ति से पहले राजपत्र में प्रकाशित किए जाएं। यदि सरकार नए सदस्यों का नामांकन नहीं कर पाती है तो पुरानी समिति तब तक बनी रहेगी जब तक कि नई समिति का गठन किया जाता है।

4. (क) प्रेस प्रत्यायन समिति में कम से कम 9 सदस्य होंगे, जो राष्ट्रीय /राज्य स्तर के संपादकों, संवाददाताओं, कैमरामैनों और कार्टूनिस्टों के रूप में विभिन्न मान्यताप्राप्त मुख्य मीडिया संगठनों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन संगठनों में प्रतिनिधि शामिल होंगे और केंद्र या राज्य में पत्रकारों की श्रेणी की सदस्यता का उचित प्रतिनिधित्व करेंगे।

(ख) केंद्र या राज्य सरकार द्वारा गठित प्रत्येक प्रत्यायन समिति में भारतीय प्रेस परिषद का प्रतिनिधि होगा।

बेहतर होगा कि इसमें ऐसा सदस्य शामिल हो, जो यथास्थिति राज्य या नगर विशेष में रहता हो।

(ग) कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल तक नहीं बना रहेगा।

5. महानिदेशक, मीडिया और संचार, केंद्रीय प्रेस प्रत्यायन समिति के सदस्य-सचिव होंगे और राज्य सरकार के सूचना निदेशक/

आयुक्त राज्य स्तरीय प्रत्यायन समिति के सदस्य- सचिव होंगे। जिला या मंडल स्तरीय समिति में जिला सूचना/ जनसंपर्क अधिकारी सदस्य- सचिव होंगे। सदस्य- सचिव समिति की बैठकों को आयोजित करने, कार्यसूची तय करने और समिति के निर्णयों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होगा।

6. समिति का अध्यक्ष कोई ऐसा वरिष्ठ पत्रकार होगा, जिसे केंद्र या राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाए। अध्यक्ष को संबंधित सरकार के प्रत्यायित संवाददाता के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए और वह लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए पात्र नहीं होना चाहिए।

7. इस समिति की बैठकें तिमाही में या यदि आवश्यक हो तो तो बार-बार होंगी। समिति की बैठक का कोरम कुल सदस्यता का 50 प्रतिशत होगा। बैठकों के लिए कम से कम 15 दिनों का नोटिस दिया जाएगा, बशर्ते  अध्यक्ष इस बात से संतुष्ट हो कि असाधारण परिस्थितियों के कारण बैठक कम समय के नोटिस पर भी बुलाई जानी चाहिए। ऐसी स्थिति में भी ऐसी असाधारण बैठक का निर्णय अस्थायी रूप से विधिमान्य होगा, बशर्ते उसे 15 दिन के नोटिस के बाद बुलाई जाने वाली समिति की बैठक में स्वीकार न किया जाए।

8. समिति में समाचारपत्रों, न्यूज एजेंसियों, पत्रिकाओं, टीवी चैनल, रेडियो संगठनों, समाचार पोर्टल को शामिल किया जाएगा, बशर्ते कि वे यथास्थिति अपने पाठकों, खरीदारों, दर्शकों, श्रोताओं को समसामयिक समाचार देने के आधारभूत मापदंड को पूरा करते हों। उन्हें अपनी विषय वस्तु का कम से कम 50 प्रतिशत सामान्य जनता की रूचि के समाचारों/ टिप्पणियों के रूप में देना चाहिए।

इस संबंध में समिति का निर्णय अंतिम होगा कि किसी समाचार की विषय- वस्तु इस 50 प्रतिशत को पूरा करती है या नहीं। इन संगठनों ने संगठन के रूप में प्रत्यायन के लिए पात्र होने से कम से कम 6 महीने पहले की अवधि तक समाचार संगठन के रूप में कार्य किया हो। लेकिन यदि किसी प्रकाशन ने अपने प्रकाशन की अवधि में परिवर्तन कर दिया हो, लेकिन वह सामान्य जनता की रूचि के समाचार/ टिप्पणियों के रूप में कम से कम 50 प्रतिशत विषय- वस्तु को प्रकाशित करता रहता है तो उसकी सदस्यता बनी रहेगी। समिति द्वारा मान्यता दिए जाने के लिए आवेदन करने वाले सभी समाचारपत्र/ पत्रिकाएं भारतीय प्रेस परिषद से बेबाकी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे।

9. लेकिन यदि समिति सर्वसम्मति से इस बात से संतुष्ट हो कि किसी समाचार संगठन को उसके प्रचालन के दिन से ही अस्थायी प्रत्यायन की आवश्यकता है तो समिति ऐसे आवेदक संगठन को थोड़ी संख्या में प्रत्यायन दे सकती है जिसका वह स्थायी दावा नहीं करेगा। ऐसे संगठन को दी गई अनुमति उस स्थिति में वापस ली जाएगी, यदि वह कार्य करना बंद कर देता है या समसामयिक समाचारों का प्रसार बंद कर देता है। संगठन का यह कर्तव्य है कि वह उस स्थिति में सरकार को सूचित करें, यदि यह बंद किया जा रहा हो या गैर- समाचारों को लेकर विषय-वस्तु में परिवर्तन किया जा रहा हो।

10. समाचारपत्रों और पत्रिकाओं के परिचालन, खरीदारों की संख्या और न्यूज़ एजेंसी के कुल कारोबार, टी वी चैनलों और रेडियो संगठनों के कुल कारोबार, उसके पृष्ठों के प्रभावी होने और न्यूज़ पोर्टल के कुल कारोबार के आधार पर समिति ऐसे संपादकों,

संवाददाताओं, फोटोग्राफरों, कार्टूनिस्टों, कार्टोग्राफ़रों, टीवी कैमरामैनों, रेडियो कार्यपालकों आदि की संख्या निर्धारित करेगी, जिन्हें सरकार द्वारा प्रत्यायन दिया जा सकता है। लेकिन यदि संगठन इन मापदंडों के बढ़ने या घटने का प्रमाण देता है तो समिति तदनुसार उसे कोटा देगी।

11. भारत सरकार से संपादक/ संवाददाता/ कार्टूनिस्ट/ कार्टोग्राफर या फोटोग्राफर/ टीवी कैमरामैन/ रेडियो कार्यपालक के प्रत्यायन के आवेदनपत्र पर विचार करने के लिए किसी समाचार संगठन में कम से कम 5 वर्ष का ऐसा अनुभव अपेक्षित है, जिसे समिति स्वीकार करे। राज्य या जिला स्तर पर राज्य सरकार से प्रत्यायन के लिए कम से कम तीन वर्ष का अनुभव अपेक्षित है।

12. प्रत्यायन के प्रयोजन के लिए संपादकों को ऐसा माना जाना चाहिए कि वे समाचार एकत्र करने के कार्य में लगे हैं और उन्हें प्रत्यायन दिया जाना चाहिए। समिति स्वयं यह संतुष्टि करेगी कि आवेदक समाचार संगठन में पूर्णतः नियोजित है। समिति अपनी संतुष्टि करने के लिए समाचार क्लिपिंग, वीडियो क्लिप, रेडियो क्लिप आदि की मांग कर सकती है। इसके अलावा, वह नियोजन प्रमाणपत्र मांग सकती है, जो संपादक द्वारा जारी किया जाने वाला इस आशय का प्रमाणपत्र होता है कि आवेदक समाचार रिपोर्टिंग के कार्य में लगा हुआ है। समिति विज्ञापन या बिक्री का कार्य करने वाले लोगों को प्रत्यायन नहीं देगी, जो यह दावा करते हैं कि वे भी संवाददाता हैं।

13. अपनी यह संतुष्टि होने पर कि आवेदक एक प्रत्यायित संवाददाता बनने की पात्रता को पूरा करता है, समिति प्रत्यायन दिए जाने की अनुमति देगी, बशर्ते कि समाचार संगठन का कोटा उपलब्ध हो।

14. समिति द्वारा अनुमोदन दिए जाने की तारीख से 15 दिन के अंदर सरकार संबंधित पत्रकार को प्रत्यायन कार्ड जारी कर देगी।

15. यदि समिति किसी मीडिया संगठन या मीडिया संगठन की ओर से किसी पत्रकार के प्रत्यायन संबंधी आवेदनपत्र को अस्वीकार कर देती है तो आवेदक संगठन/ व्यक्ति को अस्वीकृति के कारणों के बारे में लिखित में सूचित किया जाएगा। आवेदक संगठन/ व्यक्ति अपने आवेदनपत्र में संशोधन कर सकता है या समिति के समक्ष पुनर्विचार के लिए अन्य संगत तथ्यों को रख सकता है। लेकिन ऐसे पुनर्विचार के बाद समिति का निर्णय अंतिम होगा।

16. समिति स्वतंत्र लेखन करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों को प्रत्यायन दे सकती है, बशर्ते कि वे समाचार संगठनों की ओर से कम से कम 15 वर्ष तक प्रत्यायित संवाददाता रहे हों और बशर्ते कि वे यह प्रमाण दिखा सकें उनका मुख्य व्यवसाय पत्रकारिता है और वे पत्रकारिता से ही अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

17. समिति ऐसे पत्रकारों को विशेष प्रत्यायन दे सकती है, जिन्होंने प्रत्यायित संवाददाताओं के रूप में लंबी और विशिष्ट सेवा की हो, बशर्ते कि वे 58 वर्ष से अधिक आयु के हों और कम से कम 15 वर्ष की अवधि तक प्रत्यायित रहे हों और अपनी सेवा की मान्यता के समय सक्रिय रुप से पत्रकारिता से जुड़े हों।

18. संपादकों, संवाददाताओं, कार्टूनिस्टों, कार्टोग्राफ़रों, फोटोग्राफरों, टीवी कैमरामैनों, रेडियो कार्यपालकों आदि को जारी किए जाने वाला प्रत्यायन कार्ड दो वर्ष की अवधि तक मान्य होगा। समिति के सामान्य निदेश के अनुसार प्रेस सूचना ब्यूरो या संबंधित राज्य सरकारी विभाग सभी प्रत्यायित पत्रकारों के प्रत्यायन का दो वर्ष

में एक बार नवीकरण करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि एक दिन के लिए भी उन्हें सुविधा से वंचित नहीं रखा गया है।

19. यदि कोई संवाददाता एक से अधिक संगठन के लिए कार्य करता है और अतिरिक्त प्रत्यायन के लिए आवेदनपत्र देता है तो समिति उसे अतिरिक्त प्रत्यायन दिए जाने के कारणों को रिकॉर्ड करने के बाद अतिरिक्त प्रत्यायन दे सकती है।

20. सभी सरकारी मंत्रालय, विभाग, उपक्रम और अन्य विंग प्रत्यायित पत्रकारों को पहुंच और सूचना उपलब्ध कराएंगे और समाचारों के प्रसार के संबंध में अप्रत्याशित पत्रकारों के साथ कोई भेदभाव नहीं करेंगे।

21. समिति प्रत्यायन वापस ले सकती है बशर्ते कि-

(i) संपादक समिति को सूचित करता है कि पत्रकारों को संगठन के अंदर कार्य पुनः सौंप दिया गया है,

(ii) संपादक समिति को सूचित करता है कि समाचार संगठन को बंद कर दिया गया है/ या वह विषय -वस्तु का 50 प्रतिशत समाचार के रूप में प्रकाशित नहीं कर रहा है।

(iii) पत्रकार अब समाचार संगठन का कर्मचारी नहीं रहा है।

(iv) यदि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा पत्रकार की व्यवसायिक कदाचार के लिए कम से कम दो बार परिनिन्दा की गई है।

(v) यदि समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची हो कि पत्रकार ने प्रत्यायन सुविधा का गंभीर रूप से दुरुपयोग किया है तो उस पत्रकार को आरोपों का उत्तर देने का एक अवसर दिया जाएगा और समिति प्रत्यायन की वापसी के कारणों को रिकॉर्ड करेगी।

हैं और संपूर्ण भारत के संपादकों/ प्रत्यायित पत्रकारों की भारत सरकार की सूचना और कार्यालयों तक पहुंच है।

24. एक राज्य से अधिक राज्यों/ पूर्वोत्तर जैसे राज्यों के समूह के समाचारों को कवर करने वाले पत्रकार सभी राज्यों/ पूर्वोत्तर जैसे राज्यों के समूह में प्रत्यायन के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि संपादक एक से अधिक राज्यों में प्रत्यायन की आवश्यकता के बारे में एक प्रमाणपत्र दे, जिसमें उसे उचित ठहराया गया हो।

25. सरकार संबंधित मंत्रालय की वेबसाइट में इन नियमों को डालेगी ताकि ये समाचार संगठनों, पत्रकारों और आम जनता के संदर्भ के लिए उपलब्ध रहें। समाचार संगठनों/ पत्रकारों को शामिल करने के संबंध में समिति का निर्णय, उस निर्णय के कार्यान्वयन के तत्काल बाद नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जाएगा।

## ट) आदर्श विज्ञापन नीति संबंधी दिशानिर्देश-2014

**प्रस्तावना:**

संसद द्वारा वर्ष 1978 में पारित कानून के अधीन भारतीय प्रेस परिषद प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने और भारत में समाचारपत्रों तथा समाचार एजेंसियों के मानकों में सुधार करने का कार्य करती है। इस संबंध में प्रेस परिषद अधिनियम की धारा 13 (1) के खंड (ड़.) द्वारा और समर्थन दिया गया है, जिसके अनुसार परिषद से अपेक्षित हैं कि "वह ऐसी किसी भी घटना की समीक्षा करेगी जिससे आम जनता के हित और महत्व के समाचारों की आपूर्ति और प्रसार को सीमित करने की संभावना हो"। कई ऐसे अवसर आए हैं जब भारतीय प्रेस परिषद ने विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा विज्ञापनों को ऐसे अनुचित रूप से देने या मनमाने तरीके से मना करने की शिकायतों पर कार्रवाई की है, जिनमें समाचारपत्रों, विशेष रूप से छोटी श्रेणी के समाचारपत्रों की आर्थिक व्यवहार्यता पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इन शिकायतों का निपटान करते समय परिषद ने प्राय: यह पाया है कि सरकारी प्राधिकारी को चाहिए कि वे अपने खिलाफ आलोचनात्मक लेखों के कारण विज्ञापन जारी करने के मामले में समाचारपत्र के साथ भेदभाव ना करे। विज्ञापनों को जारी करने का कार्य तदर्थ आधार पर नहीं किया जाना चाहिए अपितु कुछ युक्तियुक्त मापदंडों के आधार पर तैयार की गई अधिसूचित नीति के आधार पर किया जाना चाहिए। इस मामले में राजनीतिक सोच का कोई महत्व नहीं होना चाहिए। विज्ञापनों का वितरण जहां तक संभव हो, उचित होना चाहिए, लेकिन छोटे समाचारपत्रों पर,जो सरकारी विज्ञापनों से प्राप्त राजस्व पर जीवित रहते हैं, सरकारी अधिकारियों द्वारा विशेष विचार करने की आवश्यकता है। हालांकि समाचारपत्रों द्वारा विज्ञापनों का किसी अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है, तथापि उन्हें नियंत्रण अधिकारियों की इच्छा और विवेक पर जारी करने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती।

इस पृष्ठभूमि में भारतीय प्रेस परिषद ने मूल तत्वों को तैयार करने के प्रश्न पर विचार किया है, जो केंद्र और राज्य सरकारों की ऐसी विज्ञापन नीति होगी, जिसे वे अपनाएंगे। इन आदर्श दिशानिर्देशों में केंद्र और राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र, प्रशासन द्वारा विज्ञापन जारी करने के संबंध में और उनके वितरण दरों के निर्धारण और अदायगी तथा उनके सुचारू संचालन के संबंध में व्यापक सिद्धांत के रूप में समान रूप से लागू करने का प्रस्ताव है।

**मापदंड**

1) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय में पंजीकृत समाचारपत्र विज्ञापन जारी करने के संबंध में अनुमोदित सूची में शामिल किए जाने के पात्र होंगे।

2) विज्ञापन केवल उन्हीं समाचारपत्रों को जारी किए जाएंगे जिन्हें विज्ञापन जारी करने के लिए केंद्र/ राज्य सरकार की अनुमोदित सूची में शामिल किया गया हो। अनुमोदित सूची तैयार करने

के लिए एक समिति होगी, जिसमें सरकारी अधिकारियों और मीडिया संबंधी व्यक्तियों के गैर-सरकारी लोग शामिल होंगे। विभिन्न प्रकार के विज्ञापनों को जारी करने के लिए समाचारपत्रों का चयन करने के प्रयोजन के लिए प्राधिकारियों को निम्नलिखित मापदंडों के द्वारा मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए:

क) समाचारपत्रों को उस स्थिति में विज्ञापन के लिए पात्र समझा जाएगा, यदि वह चार माह से नियमित रूप से और बिना किसी रूकावट के प्रकाशित किए जा रहे हैं।

ख) विज्ञापन चाहने वाले समाचारपत्रों को प्रकाशन की अवधि और नियमितता, प्रकाशन के आकार, प्रिंटिंग की व्यवस्था, संपादकीय और प्रबंधन संबंधी व्यवस्था के बारे में राज्य और केंद्र सरकार द्वारा पहले ही निर्धारित अपेक्षित योग्यताओं को पूरा करना चाहिए।

ग) विज्ञापन जारी करते समय समाचारपत्र के परिचालन को भी महत्व दिया जाता है। जिन स्त्रोतों से प्रामाणिक परिचालन के आंकड़े प्राप्त किए जा सकते हैं, वे इस प्रकार हैं:

   i) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक,

   ii) परिचालन का ऑडिट ब्यूरो, और

   iii) सनदी लेखाकार, जो वार्षिक परिचालन के विवरण को प्रमाणित करता है।

इन स्त्रोतों में से किसी एक के माध्यम से प्राप्त आंकड़े समाचारपत्र को सूची में शामिल किए जाने के संबंध में परिचालन के निर्धारण के लिए स्वीकार किए जाने चाहिए और किसी अन्य पक्षकार को उपर्युक्त तीन में से किसी एक द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र पर प्रश्न नहीं उठाना चाहिए।

घ) सरकार द्वारा बिलों की अदायगी विज्ञापन के प्रकाशन के 45 से 60 दिनों की अवधि के अंदर की जानी चाहिए। अदायगी प्रचलित उचित वाणिज्यिक दर पर की जानी चाहिए और बड़ी मात्रा में विज्ञापन जारी करने के मूल्य के रूप में 20 प्रतिशत कमीशन घटाया जाना चाहिए।

ङ) क्षेत्रीय विषयवस्तु को प्रकाशित करने वाले छोटे समाचारपत्रों को कुछ प्राथमिकता देना वांछनीय होगा।

च) पूर्वोत्तर, जनजातीय क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्र तथा भाषायी समूह द्वारा चलाए जा रहे छोटे समाचारपत्र जैसे दूरदराज से प्रकाशित किए जाने वाले भाषायी समाचारपत्रों/पत्रिकाओं को भी उपयुक्त महत्व दिया जा सकता है।

छ) जहां तक संभव हो, राजनीतिक दलों के संगठनों को सरकारी प्राधिकारियों द्वारा अनुचित रूप से संरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए।

**सामान्य :**

विज्ञापनों की सूची में शामिल करने के लिए पात्र समाचारपत्रों की सूची को ऐसा सार्वजनिक दस्तावेज बनाया जाना चाहिए, जो अनुरोध करने पर उपलब्ध हो जाए। यह सूची भारतीय प्रेस परिषद, भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक और मान्यता प्राप्त समाचारपत्र संघों को भी आवधिक रूप से भेजी जानी चाहिए।

विज्ञापन जारी करने की अनुमोदित सूची में शामिल करने/शामिल नहीं करने/हटाए जाने से संबंधित सभी विवाद एक स्वतंत्र निकाय को भेजे जाने चाहिए, जिसमें भारत सरकार और सामाजिक- पत्रकारिता के क्षेत्र के ऐसे सदस्यों, जिनका कोई हितबद्ध न हो, के प्रतिनिधि होंगे। विकल्प के रूप में यह विवाद प्रेस और पंजीकरण अपील बोर्ड के प्रतिमान पर गठित किए गए निकाय

को भेजा जा सकता है, जिसमें भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य हो सकते हैं।

यह दिशानिर्देश सर्वांगीण नहीं है क्योंकि इनमें सीमित प्रकार के मुद्दे शामिल हैं। इन्हें भेदभाव की ऐसी किसी संभावना को कम करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है जिनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**ठ) आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी के विज्ञापन**

अखबारों में किसी भी बीमारी, विकार सिंड्रोम या बीमारी की रोकथाम या इलाज, अवशमन, उपचार या रोकथाम के उद्देश्य से आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी के बारे में विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाए :

(i) बिना विशिष्ट पहचान संख्या के; या

(ii) इच्छित विज्ञापन में निर्माता के संपर्क विवरण शामिल न हों; या

(iii) विज्ञापन की सामग्री प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अश्लील या अशिष्ट हो; या

(iv) यह किसी भी आयुर्वेदिक, सिद्ध या यूनानी दवा के संदर्भ में हो जो पुरुष या स्त्री के यौन अंगों की लंबाई और आकार या उनकी क्षमता में वृद्धि के लिए उस दवा या उसके उपयोग के लिए सुझाव दे या उसके उपयोग की ओर आकर्षित करे; या

(v) इसमें मशहूर हस्तियों या सरकारी अधिकारियों के फोटो या शंसापत्र को दर्शाये या

(vi) यह किसी भी सरकारी या सरकार के स्वायत्त संगठन के संदर्भ में हो।

## ड)  पेड समाचारों की पहचान के लिए निर्धारित सिद्धान्त

पेड समाचार का अर्थ प्रकाशन से पूर्व, प्रकाशन के समय अथवा प्रकाशन के पश्चात किसी भी प्रकार से दिए गए प्रतिफल के बदले में मीडिया में दिए जाने वाले अथवा मीडिया से हटाए जाने वाले शब्द होंगे। यह एक गुप्त वित्तीय लेन-देन है जिसकी संकल्पना धोखाधड़ी है और जिसे धोखे से दिया जाना है और इसलिए इसे सिद्ध करने के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण प्राप्त करना मुश्किल है। लेकिन प्रत्यक्ष प्रमाण उपलब्ध नहीं होने पर भी ठोस परिस्थितिजन्य साक्ष्य से पेड न्यूज की घटनाओं का अनुमान लगाना संभव है।

इसके साथ ही चुनाव अधिकारियों पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि पेड न्यूज की पहचान करने की प्रक्रिया पूरी तरह से सुविस्तृत और विश्वसनीय हो क्योंकि प्रकाशनों और पत्रकारों की प्रतिष्ठा दांव पर होती है।

पेड न्यूज के मुद्दे का निर्धारण करने के लिए कोई कठोर नियम या अवरोधक सूत्र निर्धारित किया जाना संभव नहीं है और यह प्रत्येक मुद्दे के तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। मात्र इसलिए कि एक विशेष समाचार एक विशेष व्यक्ति के हितों की पूर्ति करता प्रतीत होता है, यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि यह पेड समाचार था। इसके अतिरिक्त, समाचारपत्र में एक व्यक्ति के साक्षात्कार या राजनीतिक कवरेज के प्रकाशन को पेड समाचार का कारण नहीं माना जा सकता। खराब पत्रकारिता खबरों की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा कर सकती है लेकिन इससे इस निष्कर्ष पर पहुँचना कि वे पेड न्यूज हैं, तर्कहीन होगा। चुनाव के दौरान, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों के तहत, समाचारपत्र उम्मीदवारों या पार्टियों की संभावनाओं का एक ईमानदार मूल्यांकन करने के लिए स्वतंत्र है और इसका प्रकाशन तब तक पेड समाचार नहीं होगा जब तक यह सिद्ध न हो जाए कि उस तरह से प्रकाशन के लिए प्रतिफल दिया गया था। उल्लेखनीय है कि कई समाचारपत्रों की संपादकीय

नीति विशेष सोच या क्षेत्र के उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए होती है और ऐसे मामलों में ऐसे उम्मीदवारों के पक्ष में लिखना पेड समाचार के बराबर नहीं होगा। इससे संबंधित समाचार प्रकाशित होने की तिथि पर उम्मीदवार द्वारा विज्ञापन का प्रकाशन मात्र आक्षेपित समाचार को पेड समाचार सिद्ध करने के लिए निर्णायक नहीं हो सकता है।

राज्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्रकारिता की बारीकियों की परख कम है और इसलिए क्या समाचार है और क्या पेड समाचार हो सकता है पर पिप्पणी करते हुए वे भारी भूल कर बैठते है। राज्य निर्वाचन अधिकारियों को पेड समाचार में अपनी उपलब्धियों को सार्वजनिक करने से पूर्व उनके समस्त मुद्दों पर स्वयं विवेकपूर्ण ढ़ंग से ध्यान देना चाहिए था ज्ञयोंकि प्रतिकूल निष्कर्ष से समाचारपत्रों/पत्रिकाओं की प्रतिष्ठा को क्षति पहुँचेगी।

## ढ) कोविड-19 की रिपोर्टिंग एवं पत्रकारों के लिए सुरक्षा उपायों पर दिशानिर्देश

*कोविड-19 की रिपोर्टिंग चुनौतीपूर्ण और अभूतपूर्व है। पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को कठिन परिस्थितियों में रिपोर्ट करने के लिए अपना घर छोड़ना पड़ता है।*

- यूनीसेफ(UNICEF)

नैतिक पत्रकारिता के मूल सिद्धांत *सच्चाई और सटीकता, औचित्य और निष्पक्षता, मानवता, सेवा, जवाबदेही और स्वतंत्रता* के इर्द-गिर्द घूमते हैं। इसीलिए, इस तरह की महामारी के दौरान मीडिया की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसी के साथ, प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 की धारा 13 के तहत अपने अधिदेश को ध्यान में रखते हुए प्रेस परिषद ने पत्रकारिता जगत के लिए सुलभ संदर्भ हेतु दिशानिर्देशों को विकसित किया है।

**सनसनी और आतंक फैलाने से बचना** :- ऐसी भाषा और तस्वीरों (चित्रों) से बचें जो चिंता, तनाव को बढ़ा सकती हैं और जनता में अधिक दहशत पैदा कर सकती हैं।

**सुनिश्चित करना कि प्रभावित लोगों की पहचान सुरक्षित रहे** :- संबंधित लोगों की अनुमति के बिना नाम, तस्वीर या पहचान सामग्री की पहचान न बताएं।

**सटीक रहें और तथ्यों की रिपोर्ट करें :-** गलत सूचना के प्रसार को कम करें, अफवाह से बचें और अटकले न लगाएँ।

**हमेशा विशेषज्ञ की राय लें :-** कोविड19- पर प्रासंगिक प्रत्यय-पत्रों के साथ डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और अन्य हितधारकों से राय लें।

**हमेशा संदर्भ दें** और तथ्यों को विश्वसनीय सूचना स्त्रोतों से दें।

**मामलों के बंटन को दर्शाते समय मानचित्रों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें**

**किसी भी प्रकार की विवरणिका (प्रोफ़ाइलिंग) से बचें** – नए मामलों की रिपोर्टिंग के दौरान, जहां वायरस उत्पन्न हुआ हो, जैसे भौगोलिक, सामुदायिक, स्पर्धा, धर्म या लोगों के समूह आदि को हर बार न दोहराएँ।

**मीडिया घराने बुनियादी स्तर पर काम कर रहे अपने पत्रकारों की सुरक्षा को अत्यधिक प्राथमिकता दें :**

क. ड्यूटी करते समय उन्हें पीपीई किट प्रदान करना।

ख. यह सुनिश्चित करना कि जो पत्रकार ड्यूटी करते समय वायरस से संक्रमित हो जाते हैं, उन्हें उचित स्वास्थ्य संबंधी सहायता और वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

ग. जिन पत्रकारों में कोविड19- के लक्षण दिख रहे हों, को स्वत: अलगाव (सेल्फ आइसोलेशन) के लिए समुचित छुट्टी देना।

पत्रकारों को रिकॉर्डिंग करते समय या कोई साक्षात्कार करते हुए निम्नलिखित को ध्यान में रखना होगा :

क. कम से कम 6 फीट की दूरी रखें या भीड़ लगाए बिना उचित दूरी बनाए रखें।

ख. क्लिप-ऑन माइक से बचें और दिशात्मक माइक का प्रयोग करें।

ग. पीपीई किट, मास्क और दस्ताने पहनें।

## ण) मेडिकल रिपोर्टिंग के लिए मानक

चिकित्सा रिपोर्टिंग को स्वास्थ्य संबंधी समाचार, चिकित्सा संबंधी अनुसंधान और स्वास्थ्य नीतियों के प्रसार के माध्यम से परिणाम सांझा करने का जरिया माना जाता है।

i) जो पत्रकार मेडिकल रिपोर्टिंग में लगे हुए हैं, उनके पास मेडिकल जांच रिपोर्ट की व्याख्या करने का कौशल और क्षमता होनी चाहिए। स्वास्थ्य अधिकारियों के सहयोग से स्वास्थ्य संबंधी समाचार के प्रसार के लिए पत्रकारों का विशेष प्रशिक्षण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की सही और उचित कवरेज में सुविधा प्रदान करेगा।

ii) रिपोर्टिंग को मरीजों को सकारात्मक रूप से व्यक्तियों के रूप में दर्शाना चाहिए न कि पीड़ितों के रूप में।

iii) यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शीर्षक स्वास्थ्य मुद्दों को सही ढंग से दर्शायें और खबर संतुलित तथा नुकसानदेह रूढिबद्ध धारणाओं से मुक्त हो।

iv) खबरों में और समाचार देते समय रोगियों की पहचान का खुलासा तब तक नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि ऐसा करने की कोई विशिष्ट अनुमति न हो। जब भी संभव हो, उनके पास लिखित सहमति अवश्य होनी चाहिए और यदि यह संभव नहीं है तो सूचित सहमति अवश्य प्राप्त करनी चाहिए। हालांकि पहचान न बताना सर्वोत्तम होगा।

v) जब भी विशिष्ट वृतिक समूहों जैसे कि वर्दीधारी सेवाओं, स्वास्थ्य वृतिक पर रिपोर्टिंग की जाए, तो अधिकृत स्रोतों से आंकड़े प्राप्त करने में सावधानी बरतनी चाहिए।

vi) अस्पतालों या स्वास्थ्य रक्षा कर्मचारियों, जो कर्तव्य निर्वहन के दौरान संक्रमित होते हैं, की पहचान बताने से आम जनता में दहशत और भय का माहौल होता है और उनके मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, इससे कोई सार्वजनिक हित भी नहीं होता है।

vii) स्वास्थ्य पत्रकारों और समाचार संगठनों के सभी स्तरों पर लोगों को चिकित्सा रिपोर्टिंग के विभिन्न आयामों को लेकर प्रशिक्षित और संवेदनशील बनाया जाना चाहिए।

## त) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012* की धारा-23 का उपबंध

(1) कोई भी व्यक्ति, पूर्ण और प्रामाणिक जानकारी के बिना, फोटोग्राफिक सुविधाओं या स्टूडियों या मीडिया के किसी भी रूप में, किसी भी बच्चे पर कोई भी ऐसी रिपोर्ट या टिप्पणी नहीं करेगा, जिससे उसकी प्रतिष्ठा कम हो या उसकी प्राइवेसी का अतिलंघन हो।

---

* उक्त उपबंधों को परिषद ने अपनी बैठक दिनांक 22.09.2020 में अंगीकार किया।

viii) शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 (अधिनियम सं 1923)

ix) भारतीय दूर संचार विनियामक प्राधिकरण **(टी आर ए आई)** अधिनियम, 1997

x) भारत के राज्य संप्रतीक(अनुचित प्रयोग निषेध) अधिनियम, 2005

xi) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951

xii) पुस्तक और समाचारपत्र परिदान (सार्वजनिक पुस्तकालय) अधिनियम, 1954

xiii) औषधि और चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954

xiv) श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचारपत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें और प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1955

xv) पुरस्कार प्रतियोगिता अधिनियम, 1955 (1955 का अधिनियम सं 42)

xvi) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

xvii) अल्पवय व्यक्ति (अपहानिकारक प्रकाशन) अधिनियम, 1956

xviii) प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957

xix) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015

xx) दंड विधि संशोधन अधिनियम, 2018

xxi) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962

xxii) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) संशोधन अधिनियम, 2012

## भाग ड़: पत्रकारिता में उत्तम आचरण

i) अस्पष्ट प्रकृति की गलती को पत्रकारिता की आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता। हालांकि, केवल त्रुटि को सही करने की जरूरत होगी।

ii) महान संपादक अपने साथ रबड़ रखते हैं और कोई गलती बताये जाने पर उसे हटाने में हिचकिचाते नहीं हैं।

iii) यदि किसी त्रुटि/ गलती का पता चलता है, तो संपादक को उस पर समुचित ध्यान देना चाहिए और उसके सही पाये जाने पर, संपादक को, उसका सही वर्तन मंगवाना चाहिए और उसे, उसी प्रमुखता के साथ, समाचार पत्र के उसी संस्करण में प्रकाशित करना चाहिए।

**अपनी शिकायतें अथवा पूछताछ निम्नलिखित पते पर करें :**

**सचिव,**
भारतीय प्रेस परिषद,
सूचना भवन, 8 सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
फोन : 91 (011) 24366404-405
(एक्स. 335,336,110,111)
फैक्स: 91 (011) 24366405/24366745 (एक्स.224)
ई-मेल: secy-pci@nic.in
so.complaints-pci@gov.in
pcibppcomplaint@gmail.com
वैबसाइट: www.presscouncil.nic.in

***[“परिषद की कार्यप्रणाली और शिकायत तंत्र के लिए प्रेस परिषद अधिनियम 1978 की धारा 13,14 और 15 तथा प्रेस परिषद (जांच प्रक्रिया) विनियम 1979 का संदर्भ लें”]***

